आईटीआई लिमिटेड ने राष्ट्र का 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

आईटीआई लिमिटेड, निगमित कार्यालय ने 15 अगस्त, 2020 को अपने सभी संयंत्रों/इकाईयों सहित राष्ट्र का 74वं स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल ने निगमित कार्यालय में उपस्थित श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक (मा.सं.), वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिकारी संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि एवं परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण पश्चात् राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज को फहराया एवं झंडे को सलामी देते हुए सभी ने राष्ट्रगीत को दोहराया।

इस शुभ अवसर पर, श्री आर एम अग्रवाल ने उन सभी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने हेतु अपनी प्राण की आहुति दी और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित सभी का उन्होंने अभिवादन किया।

श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कंपनी के कार्य-निष्पादन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ‘‘कंपनी ने ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल किया है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 63.02% की बढ़त के साथ 150 करोड़ रुपये (कर के बाद) का लाभ अर्जित किया और कंपनी का सकल कारोबार बढ़कर 2403.45 करोड़ रुपये हो गया जो 31 मार्च, 2019 को समाप्त पिछली अवधि की तुलना में 27% अधिक है। इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि कंपनी की निवल संपत्ति 2003 के बाद पहली बार सकारात्मक हुई है।’’

इस अवसर पर, श्री अग्रवाल ने उन कार्मिकों को जिन्होंने कंपनी के प्रति अपना उत्कृष्ट योगदान दिया उन्हें निगमित निष्पादन पुरस्कार देकर सम्मानित किया।